भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 588

जिसका उत्तर 06 फरवरी, 2025 को दिया जाना है।

.....

पीएमकेएसवाई - आंध्र प्रदेश में त्वरित सिंचाई लाभ घटक

588. श्री केसिनेनी शिवनाथः

क्या जल शक्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास आंध्र प्रदेश राज्य में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) त्वरित सिंचाई लाभ घटक के अंतर्गत चिह्नित, पूर्ण हो चुकी और चल रही कुल परियोजनाओं के संबंध में कोई डेटा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है तथा लंबित परियोजनाओं के कब तक पूरा होने की संभावना है;

(ग) वर्ष 2019-25 के दौरान उक्त घटक के अंतर्गत आंध्र प्रदेश राज्य को आवंटित और जारी की गई केंद्रीय सहायता का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) आंध्र प्रदेश राज्य में उक्त घटक/परियोजनाओं के अंतर्गत सृजित सिंचाई क्षमता का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार ने उक्त राज्य में उक्त परियोजनाओं की प्रगति की जांच करने के लिए कोई अध्ययन कराया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री श्री राज भूषण चौधरी

(क) से (घ): इस समय, आंध्र प्रदेश में प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना - त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम के तहत 8 वृहत और मध्यम सिंचाई परियोजनाएँ मौजूद हैं। इन परियोजनाओं के विवरण अनुलग्नक-। में दिए गए हैं।

(ङ): केंद्रीय जल आयोग द्वारा पीएमकेएसवाई-एआईबीपी परियोजनाओं की नियमित रूप से निगरानी की जाती है और परियोजना की प्रगति और मुद्दों पर व्यापक जानकारी संबंधी निगरानी रिपोर्ट नियमित रूप से इस मंत्रालय को प्रस्तुत की जाती हैं। इसके अलावा, परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी के लिए मंत्रालय के तहत एक समर्पित परियोजना प्रबंधन इकाई (पीएमयू) मौजूद है। इसके अलावा, इन परियोजनाओं की प्रगति और मुद्दों की नियमित रूप से इस मंत्रालय के स्तर पर समीक्षा भी की जाती है।

*****

अनुलग्नक-I

"पीएमकेएसवाई - आंध्र प्रदेश में त्वरित सिंचाई लाभ घटक" के संबंध में दिनांक 06.02.2025 को लोक सभा में उत्तर दिए जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 588 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

| आंध्र प्रदेश में पीएमकेएसवाई-एआईबीपी के तहत परियोजनाओं की स्थिति सिंचाई क्षमता हजार हेक्टेयर में और लागत, केंद्रीय सहायता (सीए) करोड़ रूपये में | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| परियोजना का नाम | प्रगति की स्थिति/पूरा किए जाने की लक्षित तारीख | एआईबीपी घटक की अनुमोदित अनुमानित लागत | दिनांक 01.04.16 की स्थिति अनुसार केन्द्रीय सहायता की पात्रता | जारी केंद्रीय सहायता | | | | | | 2016-2024 के दौरान सृजित सिंचाई क्षमता |
| | | | | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 | |
| गुंडलकम्मा | जून, 26 | 397.41 | 19.870 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5.970 |
| तडीपुडी एलआईसी | दिसंबर, 25 | 285.74 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2.619 |
| थोटापल्ली | जून, 25 | 420.94 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 21.518 |
| तारकरामा तीर्थ सागरम | जून, 26 | 193.5 | 25.044 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| मुसुरुमिल्ली | दिसंबर, 26 | 153.52 | 8.609 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| पुष्कर एलआईसी | दिसंबर, 25 | 196.24 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.198 |
| एरराकाल्वा | दिसंबर, 26 | 89.57 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| मड्डिगेड्डा | पूर्ण | 7.2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

*****